प्रेस नोट

**डीएमडब्ल्यू, पटियाला, भारतीय रेलवे की एक छोटी उत्पादन इकाई टोक्यो ओलंपिक में दो खिलाड़ियों को भेज रही है**

डीएमडब्ल्यू, पटियाला के दो खिलाड़ियों सुश्री कमलप्रीत कौर (डिस्कस थ्रोअर) और सुश्री अन्नू रानी (भाला फेंकने वाली) को टोक्यो ओलंपिक 2020 में भाग लेने के लिए चुना गया है। उनके संबंधित खेलों में कमलप्रीत कौर का 66.59 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड और सुश्री अनु रानी का 63.24 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है।

प्रमुख मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डीएमडब्ल्यू, श्री एस.एन. दुबे ने कमलप्रीत और अन्नू को बधाई दी और आगामी कार्यक्रम में अच्छे प्रदर्शन के लिए दोनों को शुभकामनाएं दीं। श्री दुबे ने प्रसन्नता भी व्यक्त की और कहा कि डीएमडब्ल्यू जैसी छोटी इकाई के लिए यह गर्व का क्षण है कि इसके दो खिलाड़ी टोक्यो ओलंपिक 2020 के लिए भारतीय एथलेटिक्स टीम का हिस्सा हैं।

एसएआई और आईओए द्वारा शुरू किए गए अभियान के एक भाग के रूप में, डीएमडब्ल्यू ने भारतीय ओलंपिक टीम का उत्साह बढ़ाने के लिए डीएमडब्ल्यू परिसर में प्रमुख स्थानों पर कुछ सेल्फी पॉइंट स्थापित किए हैं। स्वयं एक सेल्फी लेते हुए, श्री दुबे ने डीएमडब्ल्यू कर्मचारियों से इन सेल्फी पॉइंट्स पर तस्वीरें लेने और खिलाड़ियों को उत्साहित करने और प्रोत्साहित करने के लिए अपने संदेशों के साथ सोशल मीडिया पर अपलोड करने का आग्रह किया।

---

डीएमडबल्यू/प्कओ/पीआर/प्रैस रिलीस दिनांक 8.7.2021